प्रेस विज्ञप्ति

सीएमडी ने पुरी में रथ यात्रा श्रद्धालुओं को इरेडा सेवा स्टॉल समर्पित किया



पुरी, 17 जुलाई 2026

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और निदेशक (वित्त) डॉ. बिजय कुमार महान्ती ने श्री दीपक कुमार बारिक, कार्यपालक निदेशक (विधि एवं मानव संसाधन) के साथ 16 जुलाई से शुरू हुई भगवान जगन्नाथ की 9 दिवसीय रथ यात्रा के दौरान आज पुरी के गुंडिचा मंदिर के पास बड़ा डंडा में कंपनी के स्टॉल को समर्पित किया। जगन्नाथ यात्रा के दौरान रथ महोत्सव में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए यह स्टॉल 24 जुलाई तक चलेगा। इस पहल के तहत इरेडा तीर्थयात्रियों को जल और भोजन वितरित कर रहा है, साथ ही सतत विकास के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने पर भक्तों के बीच जागरूकता भी पैदा कर रहा है।





इस अवसर पर डॉ. बिजय कुमार महान्ती ने कहा, "इस शुभ त्योहार के दौरान श्रद्धालुओं की मदद करना हमारे लिए सम्मान की बात है। हमारी भागीदारी समुदाय की सेवा करने और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए इरेडा के समर्पण को दर्शाती है। "

यह पहल सामुदायिक कल्याण और सांस्कृतिक जुड़ाव के लिए इरेडा की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।